**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं0 267**

**03 फरवरी, 2022 को उत्तर के लिए**

**स्मार्ट सिटीज मिशन के अंतर्गत चयनित शहर**

267. **श्री बी.बी.पाटील**:

**श्रीमती लॉकेट चटर्जी:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) के तहत कितने शहरों का चयन किया गया है;

(ख) उक्त शहरों के विकास के लिए योजनाओं को लागू करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच धन आवंटन के मानदंड क्या हैं;

(ग) सरकार द्वारा उक्त शहरों में हुई प्रगति का आकलन करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया क्या है;
(घ) सरकार ने एससीएम के तहत शुरूआत से लेकर अब तक क्या पहल की है; और

(ड.) मिशन के तहत अब तक शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**<u>आवासन और शहरी कार्य मंत्री</u>**

**(श्री हरदीप सिंह पुरी)**

(क): भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) का शुभारंभ किया। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 चरणों के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है।

(ख) एससीएम विवरण और दिशानिर्देशों के अनुसार, केंद्र सरकार पांच वर्षों में मिशन को ₹ 48,000 करोड़ की वित्तीय सहायता अर्थात प्रति शहर प्रति वर्ष औसतन ₹ 100 करोड़ प्रदान करेगी। राज्य सरकार/शहरी स्थानीय निकाय द्वारा समान के आधार पर बराबर राशि का अंशदान दिया जाएगा।

(ग): शहर स्तर पर एससीएम का कार्यान्वयन इस उद्देश्य के लिए बनाए गए एक विशेष प्रयोजन तंत्र (एसपीवी) द्वारा किया जाता है। राज्य स्तर पर, मिशन कार्यान्वयन राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एचपीएससी) द्वारा समन्वित किया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर, एससीएम के कार्यान्वयन की निगरानी आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता वाली एक शीर्ष समिति द्वारा की जाती है। एसपीवी के बोर्ड में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के नामिती निदेशक नियमित आधार पर संबंधित शहरों में प्रगति की निगरानी करते हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय शहरों के निष्पादन का आकलन करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस, समीक्षा बैठकों, क्षेत्रीय दौरों, क्षेत्रीय कार्यशालाओं आदि के माध्यम से राज्यों/स्मार्ट शहरों के साथ विभिन्न स्तरों पर नियमित रूप से संपर्क साधते हैं और सुधार के लिए सहयोग देते हैं। स्मार्ट सिटी का मूल्यांकन विभिन्न मापदंडों पर किया जाता है, जिसमें ऑनलाइन भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (जीएमआईएस) के माध्यम से परियोजना कार्यान्वयन और निधियों का उपयोग शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।

(घ) और (ङ.): एससीएम के तहत परियोजनाओं का उद्देश्य शहरों की जीवनशैली, आर्थिक सक्षमता और सुस्थिरता में सुधार करना है। इसका मुख्य उद्देश्य सतत और समावेशी विकास करना है और यह कॉम्पैक्ट क्षेत्रों को विकसित करके प्रतिकृति मॉडल बनाना चाहता है जो व्यापक विकास के चार स्तंभों - संस्थागत, भौतिक, सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे पर काम के माध्यम से अन्य महत्वाकांक्षी शहरों के लिए प्रकाशस्तंभ के रूप में कार्य करेगा। मिशन के तहत परियोजनाओं में अन्य बातों के साथ-साथ एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्रों का विकास, स्मार्ट सड़कें, स्मार्ट सौरऊर्जा, स्मार्ट जल और अपशिष्ट जल बुनियादी ढांचा, जीवंत शहरी स्थान शामिल हैं। 21 जनवरी 2022 तक, स्मार्ट सिटीज ने 1,88,507 करोड़ रुपये की 6,721 परियोजनाओं की निविदा दी है; जिसमें से 1,62,908 करोड़ रुपये की 6,124 परियोजनाओं के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं; इनमें से 58,735 करोड़ रुपये की 3,421 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। शहरी विकास के विभिन्न पहलुओं में एकीकृत विकास के उद्देश्य से मिशन द्वारा शुरू की गई अन्य महत्वपूर्ण पहलों का ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है ।

-----

**श्री बी बी पाटिल और सुश्री लॉकेट चटर्जी, माननीय सांसदों द्वारा स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत चयनित शहरों के संबंध में दिनांक 03.02.2022 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 267 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक- I**

**स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत अन्य महत्वपूर्ण पहल-कार्य**

| आकलन ढांचा | प्रौद्योगिकी पहल | शहर चुनौती पहल | क्षमता निर्माण |
|---|---|---|---|
| 1. ईज़ ऑफ लिविंग (ईओएल) सूचकांक | 7. डेटा स्मार्ट सिटी कार्यनीति | 14. इंडिया सायकिल 4 चेंज चैलेंज अभियान | 20. शहरों के लिए जलवायु केंद्र |
| 2. म्यूनिसिपल प्रदर्शन सूचकांक (एमपीआई) | 8. भारत शहरी वेधशाला (आईयूओ) | 15. स्ट्रीट्स फॉर पीपल चैलेंज अभियान | 21. जलवायु स्मार्ट शहरों का गठबंधन |
| 3. सिटी जीडीपी मापन ढांचा | 9. इंडिया अर्बन डेटा एक्सचेंज (आईयूडीएक्स) | 16. नरचरिंग नेबरहुड चैलेंज अभियान | 22. इंडिया स्मार्ट सिटी फेलोशिप प्रोग्राम (आईएससीएफ) |
| 4. जलवायु स्मार्ट शहरों का आकलन ढांचा (सीएससीएएफ) | 10. स्मार्ट सिटी ओपन डेटा पहल | 17. ट्रांसपोर्ट 4 ऑल चैलेंज अभियान | 23. अर्बन लर्निंग इंटर्नशिप प्रोग्राम (ट्यूलिप) |
| 5. डेटा परिपक्वता आकलन ढांचा (डीएमएएफ) | 11. नेशनल अर्बन इनोवेशन स्टैक (एनयूआईएस) | 18. ईट स्मार्ट सिटीज चैलेंज अभियान | |
| 6. आईसीसीसी परिपक्वता आकलन ढांचा (आईएमएएफ) | 12. राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम) | 19. सीआईटीआईआईएस- शहरी निवेश नवाचार एकीकृत और सुस्थिर चैलेंज अभियान | |
| | 13. आईसीटी मानक | | |

****